परिशिष्ट–ख

सं० सं०–02 / परी०–01 (राज०)–12 / 2018

बिहार सरकार

केन्द्रीय परीक्षा समिति, राजस्व पर्षद, बिहार, पटना।

पटना, दिनांक–

# अधिसूचना

सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना संख्या– 14393 दिनांक–15.11.2017 द्वारा विभिन्न विभागीय परीक्षा का आयोजन एवं समय–समय पर पाठ्यक्रम में यथा संशोधन का दायित्व केन्द्रीय परीक्षा समिति, राजस्व पर्षद, बिहार, पटना को प्रदान किया गया है। उक्त आलोक में राजपत्रित पदाधिकारियों / कर्मचारियों की विभागीय परीक्षा के लिए पर्षदीय अधिसूचना संख्या–2931 दिनांक–01.12.2017 द्वारा पुनरीक्षित पाठ्यक्रम में विषय एवं विषय कोड निर्धारित किया गया है।

दिनांक–10.08.2018 एवं दिनांक–06.12.2018 को केन्द्रीय परीक्षा समिति की आयोजित बैठक में लिए गये निर्णय के आलोक में सचिवालय एवं संलग्न कार्यालयों तथा क्षेत्रीय समाहरणालयों के आशुलिपिकों / आशुटंककों तथा राजपत्रित पदाधिकारियों की विभागीय परीक्षा हेतु निर्धारित विषय कोड एवं पाठ्यक्रम में निम्न प्रकार संशोधन किया जाता है।

1– पर्षदीय अधिसूचना संख्या–2931 दिनांक–01.12.2017 द्वारा अधिसूचित विषय कोड –26 ''आशुलेखन'' हेतु पूर्व निर्धारित पूर्णांक 200 के स्थान पर कुल शब्द 320 तथा समय 3 घंटें के स्थान पर श्रुतिलेखन हेतु लेखापन 4 (चार) मिनट शुद्धिकरण हेतु 2 मिनट तथा टंकण हेतु 20 मिनट निर्धारित किया जाता है।

2– विषय कोड–27 ''टंकण'' में अंकित पूर्णांक 200 के स्थान पर कुल शब्द 300 तथा टंकण हेतु समय 3 घंटे के स्थान पर 10 मिनट निर्धारित किया जाता है।

3– पर्षदीय अधिसूचना संख्या–2931 दिनांक–01.12.2017 की कंडिका–5 में परीक्षार्थियों के लिए निर्धारित उत्तीर्णांक 50% के स्थान पर राजपत्रित पदाधिकारियों के विभागीय परीक्षा के लिए सभी विषय कोड में उत्तीर्णांक 60% निर्धारित किया जाता है, जिसमें अनुसूचित जाति एवं अनूसूचित जनजाति के सदस्यो के लिए 10% की छूट अनुमान्य होगा। अराजपत्रित कर्मचारियों के लिए पूर्व निर्धारित उत्तीर्णांक 50% तथा अनुसूचित जाति एवं अनूसूचित जनजाति का उत्तीर्णांक 40% प्रतिशत यथावत रहेगा।

4– अधिसूचना में सामान्य प्रशासन विभाग की सहमति प्राप्त हैं।

केन्द्रीय परीक्षा समिति,
राजस्व पर्षद, बिहार के आदेशानुसार

ह० / –
(सुरेन्द्र झा)
सचिव,
राजस्व पर्षद, बिहार, पटना।

e:\sumit sir 2\adhisuchana 2222222.doc

पटना, दिनांक–

ज्ञापांक– 02 / परी–01(राज0)–12 / 2018

प्रतिलिपिः–वित्त विभाग (ई–गजट प्रशाखा) बिहार, पटना को बिहार गजट के असाधारण अंक में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

ह0 / –

(सुरेन्द्र झा)

सचिव,

राजस्व पर्षद, बिहार, पटना।

पटना, दिनांक– 21-02-2019

ज्ञापांक– 02 / परी0–01(राज0)–12 / 2018 – 409

प्रतिलिपिः–माननीय अध्यक्ष–सह–सदस्य राजस्व पर्षद, बिहार, पटना / सभी प्रधान सचिव / सचिव / सभी विभागाध्यक्ष / सभी प्रमंडलीय आयुक्त / महानिदेशक (प्रशिक्षण) बिपार्ड, वाल्मी कॉम्पलेक्स, पटना / सभी जिला पदाधिकारी / सभी अभियंता प्रमुख / मुख्य सचिव, बिहार के प्रधान आप्त सचिव एवं प्रोग्रामर, राजस्व पर्षद, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

21/02/19

(सुरेन्द्र झा)

सचिव,

राजस्व पर्षद, बिहार, पटना।

21/02/19

e:\sumit sir 2\adhisuchana 222222.doc